## संपादकीय

# और अब सीजेआई

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को अपने एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा कि भारत के मुख्य न्यायाधीश का कार्यालय सूचना के अधिकार (आरटीआई) कानून के तहत आएगा, क्योंकि यह सार्वजनिक प्राधिकार यानी कि पब्लिक अथॉरिटी है। इस तरह मुख्य न्यायाधीश रंजन गोगोई की अध्यक्षता वाली संविधान पीठ ने दिल्ली हाई कोर्ट के उस फैसले को बरकरार रखा जिसमें चीफ जस्टिस के पद को सूचना के अधिकार के दायरे में लाने की बात कही गई थी। सीजेआई के दफ्तर को आरटीआई के अंदर लाने की मांग आरटीआई ऐक्टिविस्ट शुरू से कर रहे थे। उनका मानना था कि इसके बगैर इस कानून का कोई खास मतलब नहीं रह जाएगा। लेकिन खुद टॉप जुडिशरी में ही इसे लेकर मतभेद रहे हैं।

जब दिल्ली हाई कोर्ट ने कहा कि पारदर्शिता से न्यायिक स्वतंत्रता प्रभावित नहीं होती, तो सुप्रीम कोर्ट के सेक्रटरी जनरल ने इस पर आपत्ति की और इस फैसले को चुनौती दी। यही नहीं, सुप्रीम कोर्ट के तत्कालीन चीफ जस्टिस भी इस आदेश से सहमत नहीं थे। बहरहाल, अब सुप्रीम कोर्ट ने अपने इस फैसले से इस विवाद को विराम दिया है और आरटीआई कार्यकर्ताओं को राहत दी है। हालांकि साथ में उसने यह भी कहा है कि सूचना के अधिकार कानून का इस्तेमाल न्यायपालिका पर निगरानी रखने के हथियार के रूप में नहीं किया जा सकता और पारदर्शिता के मसले पर विचार करते समय न्यायिक स्वतंत्रता को भी ध्यान में रखना होगा।

पीठ ने स्पष्ट किया कि कॉलेजियम द्वारा न्यायाधीशों के नामों की सिफारिशों की जानकारी दी जा सकती है, इसके कारणों की नहीं। चूंकि मुख्य न्यायाधीश का कार्यालय कुछ शर्तों के साथ ही सूचना अधिकार कानून के दायरे में आएगा इसलिए यह समय के साथ ही साफ हो पाएगा कि उससे क्या जानकारी हासिल की जा सकती है और क्या नहीं। सूचना के अधिकार के लिए यह स्वर्णिम क्षण है, लेकिन मामले का दूसरा पहलू यह है कि यह कानून ही पटरी से उतरता जा रहा है। जनता को समय से सूचनाएं नहीं मिल रहीं और जब-तब मिल भी रही हैं तो ऊटपटांग, जिनका विषय से कोई संबंध ही नहीं रहता। सूचना देने में कोताही करने वाले अफसरों पर जुर्माना भी नहीं लगाया जा रहा है, जिसके चलते शिकायतों की बाढ़ आ गई है।

ट्रांसपेरेंसी इंटरनैशनल इंडिया की पिछले साल की रिपोर्ट के मुताबिक 2005 से 2016 के बीच आयोगों को 18 लाख से ज्यादा शिकायतें पहुंचीं। गौरतलब है कि ये शिकायतें सेकंड अपील थीं। यानी पहली अर्जी पर जब ध्यान नहीं दिया गया तो आवेदकों को शिकायत के साथ दोबारा अपील करनी पड़ी। कई राज्यों में सूचना आयुक्त ों के पद खाली पड़े हैं। आज जब भारत के मुख्य न्यायाधीश ने खुद को इस कानून के दायरे में ले लिया है तो क्या हम उम्मीद कर सकते हैं कि वे इससे जुड़ी व्यापक समस्याओं पर ध्यान देंगे और इसे कारगर बनाने के लिए कोई ठोस पहल करेंगे।

# 28 फर्जी कंपनियां चलाकर सरकार को लगाया 108 करोड़ का चूना

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) की पश्चिमी दिल्ली कमीशनरी ने बिना माल एवं सेवाओं की आपूर्ति किये इनवॉयस जारी कर सरकारी खजाने को 108 करोड़ रुपये का चूना लगाने वाले एक रैकेट का भंडाफोड़ किया है। केंद्रीय वित्त मंत्रालय ने शनिवार को बताया कि यह रैकेट रॉयल सेल्स इंडिया तथा 27 अन्य फर्जी कंपनियों का संचालन कर रहा था तथा उनके नाम पर




इनवॉयस जारी करता था। ये सभी 28 कंपनियां वास्तव में अस्तित्व में नहीं थीं। इस मामले में दो लोगों को गिरफ्तार कर पटियाला हाउस कोर्ट में ड्यूटी मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया गया।

ड्यूटी मजिस्ट्रेट ने दोनों आरोपियों को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। आरोपी 28 फर्जी कंपनियों के नाम से फर्जी इनवॉयस बनाकर जीएसटी के तहत इनपुट टैक्स क्रेडिट दिलाया करते थे जिससे सरकारी खजाने को कर का नुकसान हो रहा था। सरसरी तौर पर उन्हें 900 करोड़ रुपये का इनवॉयस जारी कर सरकार को 108 करोड़ रुपये के कर का चूना लगाने का दोषी पाया गया है। ये फर्जी कंपनियों का जीएसटीएन में पंजीकरण कराते थे। गरीब लोगों के दस्तावेज जमा कराकर उन्हें इन कंपनियों के मालिक के तौर पर दिखाया जाता था। इन कंपनियों के नाम पर खोले गए बैंक खातों में पड़ी 1.58 करोड़ रुपये की जमा के लेनदेन पर रोक लगा दी गयी है। मंत्रालय ने बताया कि इस पूरे फर्जीवाड़े से सबसे ज्यादा लाभांवित होने वाले लोगों तक पहुँचने के लिए मामले की आगे जांच की जा रही है।

# टिकटॉक के यूजर हुए 1.5 अरब, लिस्ट में भारत टॉप पर

**बीजिंग (आरएनएस)।** सोशल मीडिया एप टिकटॉक के दुनियाभर में 1.5 अरब यूजर्स हो गए हैं और इस सूची में भारत शीर्ष स्थान पर है। एप स्टोर के साथ-साथ गूगल




प्ले पर टिकटॉक को 1.5 अरब बार डाउनलोड किया गया है। 46.68 करोड़ बार सिर्फ भारत में एप को डाउनलोड किया गया है, जो कुल आंकड़ों का लगभग 31 प्रतिशत है। मोबाइल इंटेलिजेंस फर्म सेंसर टावर के अनुसार, पिछले साल के मुकाबले इस वर्ष 2019 में छह प्रतिशत अधिक एप को 61.4 करोड़ लोगों ने डाउनलोड किया।

भारत में 2019 में लोगों ने इसके इस्तेमाल में तेजी दिखाई, इस साल 27.76 करोड़ लोगों ने इसे डाउनलोड किया। यह विश्व में सभी डाउनलोड के आंकड़ों का 45 प्रतिशत है। इस सूची में चीन 4.55 करोड़ डाउनलोड के साथ दूसरे स्थान पर है, जो कि आंकड़ों का 7.4 प्रतिशत है। इसके अलावा 3.76 करोड़ डाउनलोड के साथ अमेरिका तीसरे स्थान पर है, जो इस साल के आंकड़ों का 6 प्रतिशत है। झ्र सेंसर टावर ने कहा कि इस आंकड़ों में देश में तीसरे पक्ष के एंड्रॉयड स्टोर से इंस्टॉल किए जाने वाले आंकड़े शामिल नहीं है।

## आरकॉम को जुलाई-सितंबर तिमाही में 30,142 करोड़ रुपये का घाटा

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** कर्ज के बोझ से दबी रिलायंस कम्युनिकेशंस (आरकॉम) को जुलाई-सितंबर की तिमाही में 30,142 करोड़ रुपये का एकीकृत घाटा हुआ है। उच्चतम न्यायालय द्वारा सांविधिक बकाये पर फैसले के मद्देनजर देनदारियों के लिए प्रावधान की वजह से कंपनी का घाटा इतनी ऊंचाई पर पहुंच गया है। दिवाला प्रक्रिया में चल रही कंपनी ने इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 1,141 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। उच्चतम न्यायालय के दूरसंचार कंपनियों के सालाना समायोजित सकल राजस्व (एजीआर) की गणना पर फैसले के मद्देनजर कंपनी ने 28,314 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। आरकॉम की कुल देनदारियों में 23,327 करोड़ रुपये का लाइसेंस शुल्क और 4,987 करोड़ रुपये का स्पेक्ट्रम इस्तेमाल शुल्क शामिल है। आरकॉम और उसकी अनुषंगियों ने 1,210 करोड़ रुपये के ब्याज और 458 करोड़ रुपये के विदेशी विनिमय उतार-चढ़ाव के लिए प्रावधान नहीं किया है।

## भारत ने बांग्लादेश को पारी और 130 रनों से हराया

**इंदौर।** भारतीय बल्लेबाज मयंक अग्रवाल के धमाकेदार दोहरे शतक के बाद गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन के दम पर टीम इंडिया ने बांग्लादेश को इंदौर टेस्ट में पारी और 130 रनों से हरा दिया है। इस जीत से साथ ही भारत ने सीरीज में 1-0 की अहम बढ़त हासिल कर ली है। बांग्लादेश की तरफ से मुशफिकुर रहीम (64) ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए अर्धशतक लगाया, लेकिन वह भी अपनी टीम की हार को नहीं टाल सके।



टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने उतरी मेहमान टीम ने पहली पारी में 150 रन बनाए थे। इसके बाद भारतीय टीम ने अपनी पहली पारी 6 विकेट पर 493 रन पर घोषित की और उसके पास 343 रनों की बड़ी बढ़त हासिल थी। इसके बाद तीसरे दिन टीम इंडिया ने बांग्लादेश टीम की दूसरी पारी 69.2 ओवरों में सभी विकेट खोकर महज 213 रनों पर समेट दी। इस तरह भारत ने इंदौर टेस्ट पारी और 130 रनों से अपने नाम कर लिया। भारत के लिए पहली पारी में 3 विकेट लेने वाले मोहम्मद शमी ने दूसरी पारी में 4 विकेट झटके, जबकि आर. अश्विन ने 3 विकेट लिए। उमेश को दो और इशांत को एक विकेट मिला।

## त्रिकोणीय टूर्नमेंट के लिए भारतीय जूनियर हॉकी टीम की घोषणा, सुमन को कप्तानी

**नईदिल्ली।** भारत ने ऑस्ट्रेलिया दौरे पर त्रिकोणीय सीरीज के लिए शुक्रवार को यहां 18 सदस्यीय जूनियर महिला हॉकी टीम की घोषणा की। सुमन देवी थौदाम के नेतृत्व में यह टीम तीन से आठ दिसंबर तक ऑस्ट्रेलिया के कैनबरा में खेले जाने वाले टूर्नमेंट में भाग लेगी। इस टूर्नमेंट में भारत और मेजबान ऑस्ट्रेलिया के अलावा तीसरी टीम न्यू जीलैंड की होगी। भारतीय टीम चार दिसंबर को न्यू जीलैंड के खिलाफ अपना अभियान शुरु करेगी जबकि टूर्नमेंट का पहला मुकाबला तीन दिसंबर को ऑस्ट्रेलिया और न्यू जीलैंड के बीच खेला जाएगा।

जूनियर महिला टीम के कोच बलजीत सिंह ने कहा, 'इस साल हमें आयरलैंड और बेलारूस के खिलाफ खेलने से अच्छा अनुभव मिला है। हमें उम्मीद है कि ऑस्ट्रेलिया में कड़ी चुनौती मिलेगी।'

**टीम:** बिचु देवी खरीबाम, रश्नप्रीत कौर, सुमन देवी थौदाम (कप्तान), इशिका चौधरी (उप-कप्तान), प्रियंका, महिमा चौधरी, मरीना लालरामिंघाकी, गगनदीप कौर, प्रभलीन कौर, मरियाना कुजूर, चेतना, रीत, बलजीत कौर, अजमिना कुजूर, ब्यूटी डुंगडुंग, शर्मिला देवी, दीपिका, लालरिंडिकी।

## पापा को विश करते हुए जान्हवी ने पोस्ट की बोनी कपूर और श्रीदेवी की प्यारी सी तस्वीर

जान्हवी कपूर इन दिनों अमृतसर में अपनी अगली फिल्म दोस्ताना 2 की शूटिंग में व्यस्त हैं। आज उनके पापा बोनी कपूर का जन्मदिन है और इस खास मौके पर ऐक्ट्रेस ने एक बेहद इमोशनल पोस्ट अपने सोशल अकाउंट पर शेयर किया है। पापा को बर्थडे विश करते हुए जान्हवी ने उनके साथ अपनी कुछ तस्वीरें भी शेयर की हैं।



जान्हवी ने तस्वीर शेयर करते हुए लिखा है, हैपी बर्थ पापा। आप मुझसे हमेशा पूछते हैं कि मुझमें एनर्जी कहां से आती है? यह आपसे ही है पापा। आपको हर दिन उठकर पूरे पैशन से वह करते देखा है जो करना आपको अच्छा लगता है, आपको गिरते हुए और फिर मजबूत होकर खड़े होते देखा है, आपको टूटा हुआ देखा है हमने लेकिन आप हमें और बाकियों को तब मजबूती देते हैं जब जरूरत होती है। मैं जितनों को जानती हूं उनमें से आप बेस्ट मैन हो। आई लव यू। मैं आपको गर्व का एहसास करान चाहती हूं। आप इस दुनिया की हर खुशियां डिज़र्व करते हैं और मुझे उम्मीद है व मैं कामना करती हूं कि आपको ढेर सारी खुशियां मिले।

जान्हवी ने जो तस्वीरें शेयर की हैं, उनमें से एक तस्वीर दिवंगत श्रीदेवी के साथ बोनी कपूर की है, जिसमें दोनों की जोड़ी काफी खूबसूरत दिख रही है।

## अपने हिट सॉन्ग पर रितिक रोशन ने फैन्स के साथ किया जमकर डांस

रितिक रोशन अपने फैन्स से खास लगाव रखते हैं। ऐक्टर को हमेशा ही अपने फैन्स के साथ अच्छे से और प्यार से पेश आते देखा जाता है। वह उनके साथ घुलने-मिलने से भी झिझकते नहीं हैं। ऐसा ही एक विडियो खुद रितिक ने शेयर किया है जिसमें वह फैन्स के साथ जमकर डांस करते नजर आ रहे हैं।



रितिक ने अपने ऑफिशल इंस्टाग्राम अकाउंट पर विडियोज शेयर किए हैं, जिनमें उनके आसपास बड़ी संख्या में लोग मौजूद दिख रहे हैं। इनमें से एक में रितिक सेंटर स्टेज पर कुछ फैन्स के साथ अपने लेटेस्ट हिट सॉन्ग पर जमकर डांस करते दिखे। दूसरे विडियो में ऐक्टर अपने मोबाइल से वहां बड़ी संख्या में मौजूद फैन्स का विडियो बनाते देखे जा सकते हैं। लोगों का ऐसा रिस्पॉन्स और प्यार पा कर ऐक्टर को इतनी खुशी हुई कि उन्होंने माइक से चिल्लाते हुए सबके लिए आई लव यू कहा। वैसे रितिक ने विडियो के साथ लिखे कैप्शन में भी अपनी भावनाएं जाहिर की हैं। उन्होंने लिखा ये लोग मुझमें हमेशा और बेहतर करने की चाह जगाते हैं और हर बार मैं ऐसा करने में कामयाब भी होता हूं।

## फरवरी-मार्च में गर्लफ्रेंड शिबानी दांडेकर से शादी करने वाले हैं फरहान अख्तर?



फरहान अख्तर और शिबानी दांडेकर का रोमांस अब किसी से भी छिपा नहीं है। साथ में छुट्टियां बिताने से लेकर होली पार्टी और बॉलिवुड इवेंट्स यह कपल कई जगह अक्सर साथ दिखाई देता है। अगर लेटेस्ट खबरों का यकीन किया जाए तो शिबानी दांडेकर और फरहान अख्तर अपने रिलेशनशिप को नेक्स्ट लेवल तक ले जाने वाले हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, फरहान और शिबानी अपने रिलेशनशिप को लेकर सीरियस हैं और 2020 मिड इयर से पहले शादी करने वाले हैं। शायद फरवरी या मार्च तक दोनों शादी कर लेंगे। खबरों की मानें तो शिबानी की फरहान के बच्चों से भी अच्छी बॉन्डिंग हो गई है। बता दें कि बीते साल अक्टूबर में शिबानी और फरहान के रिलेशनशिप की खबरें आई थीं लेकिन दोनों इस बारे में कुछ नहीं बोले।

## आज का राशिफल

*मेषः-* पराक्रम में वृद्धि का दिन है। रुके हुए कार्य गति पकड़ेंगे। यात्रा में लाभ होगा। भाइयों का पूर्ण सहयोग प्राप्त होगा। तीर्थ दर्शन से मन प्रसन्न होगा।

*वृषभः-* शेयर आदि जोखिमपूर्ण कार्य में सोच-समझकर ही पहल करें। वाणी के प्रदर्शन से धर्नाजन अथवा रुके हुए कार्य पूर्ण होंगे। आज का दिन शुभ है।

*मिथुनः-* आज शत्रुओं पर आपकी विजय सुनिश्चित है, कोर्ट-कचहरी के मामलों में सफलता मिलेगी, आर्थिक लाभ के योग हैं। धन निवेश की योजनाओं के बारे में विचार कर सकते हैं। नए वस्त्रों की खरीददारी का योग है।

*कर्कः-* खर्च के योग बन रहे हैं। सोच-समझकर ही धन-निवेश करें। व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें, यात्रा से परहेज करें। वाहन धीरे चलाएं। दुर्घटना की आशंका है।

*सिंहः-* आज जो भी कार्य करेंगे, उसमें पूर्ण लाभ की संभावनाएं हैं। मन प्रसन्न रहेगा, धन निवेश में लाभ के प्रबल योग हैं। मन में सोचा हुआ कोई कार्य आज पूर्ण हो सकता है।

*कन्याः-* कार्य व्यापार में उन्नति का दिन है। आज किया हुआ कार्य दो दिन बाद आपको सफलता दिलाएगा। नौकरीपेशा लोगों के लिए आज अच्छा दिन है। कार्यालय में आज आपको प्रशंसा मिल सकती है।

*तुलाः-* भाग्य आज आपका साथ देने को बेताब है, कर्म करते जाएं और सब कुछ भाग्य पर छोड़ दें, धन लाभ, कार्यों में सफलता, मान-सम्मान वृद्धि का योग बन रहा है।

*वृश्चिकः-* आज यात्रा करने से परहेज करें, किसी से अनावश्यक वाद-विवाद अथवा चोट-चपेट की घटनाएं चिन्ता का कारण हो सकती हैं। खुद को बहस में पड़ने से रोकें। धर्म-कर्म के कार्य में रुचि लेंगे तो फायदा होगा।


*धनुः-* उन्नतिदायक दिन है। जीवनसाथी अथवा किसी प्रिय व्यक्ति का सहयोग प्राप्त होगा, मन प्रसन्न रहेगा। रुके हुए कार्य पूर्ण होंगे। परिवार के साथ कहीं बाहर जाने का प्लान बना सकते हैं।

*मकरः-* रुका हुआ धन प्राप्त होगा, अचानक कोई शुभ समाचार मिलेगा, शत्रु एवं विरोधी आपसे दूर भागेंगे। दांपत्य जीवन में कुछ कड़वे अनुभवों का सामना करना पड़ सकता है।

*कुंभः-* सुबुद्धि के बल पर कार्य बनेंगे और कुबुद्धि के कारण कार्य बिगड़ भी सकते हैं, अतः- सोच-विचारकर बुद्धि बल का प्रयोग करें। नहीं तो लेने के देने पड़ सकते हैं।

*मीनः-* आज वाणी पर नियंत्रण रखें, रखेंगे तो दिन सुख-शांति से बीतेगा, वरना किसी व्यक्ति से वाद-विवाद के कारण मन दुःखी रह सकता है।

## मसाला पापड़ बनाने की विधि...



### सामग्री :

पापड़, दो टुकड़ो में कटा हुआ खीरा और टमाटर, आधा चम्मच काली मिर्च, आधा चम्मच जीरा पाउडर, नमक स्वादानुसार, एक नीबूं का रस, आधा चम्मच बारिक कटी हुई हरी मिर्च, आधा चम्मच कटा हुआ धनिया, तीन चम्मच तेल, आधा चम्मच लाल मिर्च।

### बनाने की विधि :

मसाला पापड़ बनाने के लिए सारे मसालों को एक कटोरी में डालकर अच्छे से मिक्स कर लें। इसके बाद एक कटोरी लें और उसमें टमाटर, धनिया, हरी मिर्च, अदरक और खीरा अच्छे से मिक्स कर लें। इसके बाद एक छोटे पैन में आधा चम्मच तेल डाल लें। ऐसा करने के बाद पापड़ को दोनों तरफ से रोस्ट कर लें। जब पापड़ रोस्ट हो जाए तो पापड़ को एक प्लेट में रखकर इसके ऊपर बनाया हुआ पेस्ट डाल दें। इसके बाद नींबू को अच्छे से निचोड़ लें। आपका कुरकुरा मसाला पापड़ बनकर तैयार हो गया है। इसे स्नैक्स के तौर पर आज शाम को जरूर बनाएं और इसका मसालेदार स्वाद लें ।

## शब्द सामर्थ्य- 46

**बाएं से दाएं**

1. बात, घटना, माजरा, मुकदमा (उर्दू) 3. अलावा, अतिरिक्त 6. प्रेम, इच्छा 7. मां का बच्चे के प्रति प्रेम 8. गलती, जुर्म, गुनाह, दोष 10. मग्न, लीन, खुश, प्रसन्न 12. धनुष, समादेश, फौजी टुकड़ी 13. एक कल्पित पत्थर जो लोहे को छूकर सोना बना देता है 16. हिम्मत, साहस, सामर्थ्य 17. बनावटी, अनुकृति, असली का विलोम 18. अबोध, नासमझ 20. ब्रह्मपुत्र एक प्रसिद्ध हरिभक्त देवर्षि 22. गहरा नीला, काला 23. व्याकुल, बेसब्र 24. मन, चित्त, आदरसूचक तथा सहमति सूचक एक शब्द।

**ऊपर से नीचे**

1. स्वामी, नाथ 2. बेबस, मजबूर, विवश 3. अन्याय, अत्याचार, जुल्म 4. मध्य एशिया का एक देश 5. पुस्तक 9. बहादुर, वीर 11. सैनिक विद्रोह 12. नीच, अधम 12 ए. प्रणाम, झुकना 13. भरण-पोषण करना, परवरिश करना, छोटा झूला, हिंडोला 14. प्रमाण, प्रमाणिक कथन 15. स्वाभाविक ढंक, योग्यता, लियाकत, सभ्यता और शिष्टता, शऊर (उ.) 19. बिजली, तड़ित 21. रात में दिखाई न पड़ने का नेत्र संबंधी रोग।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | 3 | | 4 | ■ | 5 |
| | ■ | 6 | | | ■ | 7 | | |
| 8 | 9 | | ■ | 10 | 11 | | ■ | |
| ■ | | ■ | ■ | ■ | | ■ | ■ | ■ |
| 12 | | 12ए | ■ | 13 | | 14 | ■ | 15 |
| | ■ | 16 | | | ■ | 17 | | |
| 18 | 19 | | ■ | 20 | 21 | | ■ | |
| ■ | | ■ | ■ | ■ | | ■ | ■ | ■ |
| 22 | | | ■ | 23 | | | ■ | 24 |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 45 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प | सं | द | ■ | सिं | हा | स | न | ■ |
| ख | ■ | म | ज | दू | र | ■ | का | म |
| वा | द | क | ■ | र | ■ | सं | ब | ल |
| ड़ | ■ | ल | ज्जा | ■ | म | स्का | ■ | य |
| ■ | बा | ■ | ■ | बि | हा | र | ■ | ■ |
| सु | धा | क | र | ■ | न | ■ | ■ | औ |
| रं | ■ | म | ■ | कि | ता | ब | ■ | स |
| ग | ■ | अ | र | सा | ■ | हु | ज्ज | त |
| ■ | श | क्ल | ■ | न | मि | त | ■ | न |

## सू-दोकू- 46

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.45 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |